कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड
भारत सरकार का उद्यम
एक मिनिरत्न अनुसूची ए कंपनी,
पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय

सीएसएल/पीएण्डए/ एचआरएण/एचआरएम सामान्य/ पीएम _इंटर्नशिप_योजना/2024/45 26 अगस्त 2026

# प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना (पीएमआईएस) के तहत इंटर्न की नियुक्ति के लिए अधिसूचना

## प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना (पीएमआईएस) पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण

**https://pminternship.mca.gov.in/login/**

कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (सीएसएल), भारत सरकार की सूचीबद्ध प्रमुख मिनीरत्न अनुसूची 'ए' कंपनी प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना (पीएमआईएस) के तहत नौ (9) महीने के इंटर्नशिप प्रशिक्षण के लिए पात्र उम्मीदवारों से **ऑनलाइन आवेदन** आमंत्रित करती है।

I. **क. आईटीआई ट्रेड**

| क्र.सं. | ट्रेड | संख्या | वृत्तिका प्रति महीने |
|---|---|---|---|
| 1 | इलेक्ट्रीशियन | 10 | ₹ **11,000/-** [भारत सरकार द्वारा प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) सहित] |
| 2 | फिट्टर | 10 | |
| 3 | वेल्डर | 9 | |
| 4 | मशीनिस्ट | 8 | |
| 5 | इलेक्ट्रॉनिक मेकानिक | 4 | |
| 6 | इंस्ट्रूमेंट मेकानिक | 2 | |
| 7 | ड्राफ्ट्समैन (मेका.) | 2 | |
| 8 | ड्राफ्ट्समैन (सिविल) | 2 | |
| 9 | पेंटर (सामान्य)/ पेंटर (समुद्री) | 4 | |
| 10 | मेकानिक मोटर वाहन | 2 | |
| 11 | शीट मेटल वर्कर | 10 | |
| 12 | शिपराइटवुड/ बढ़ई/ वुड वर्क तकनीशियन | 6 | |
| 13 | मेकानिक डीज़ल | 5 | |
| 14 | पाइप फिट्टर/ प्लंबर | 6 | |
| 15 | रफ्रीजिरेशन व एयर कंडीशनिंग मेकानिक/ रफ्रीजिरेशन व एयर कंडीशनिंग तकनीशियन | 1 | |
| 16 | मराइन फिट्टर | 5 | |
| 17 | स्वास्थ्य स्वच्छता निरीक्षक | 2 | |
| 18 | मेकानिक ऑटो इलेक्ट्रिकल व इलेक्ट्रॉनिक्स इंटर्न | 4 | |
| | **कुल** | **92** | |

**ख. <u>एसएसएलसी</u>**

| **क्र.सं.** | **शाखा** | **सीटों की संख्या** | **वृत्तिका प्रति महीने** |
|---|---|---|---|
| 1 | ग्राइंडर इंटर्न | 20 | ₹ **11,000/-** [भारत सरकार द्वारा प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) सहित] |
| 2 | पेंटर इंटर्न | 30 | |
| 3 | स्काफोल्डर इंटर्न | 30 | |
| | **कुल** | **80** | |

**ग. <u>एचएसई/आईटीआई</u>**

| **क्र.सं.** | **शाखा** | **सीटों की संख्या** | **वृत्तिका प्रति महीने** |
|---|---|---|---|
| 1 | इंटर्न वेयरहाउस सहायक | 27 | ₹ **11,000/-** [भारत सरकार द्वारा प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) सहित] |
| | **कुल** | **27** | |

**घ. <u>डिप्लोमा</u>**

| **क्र.सं.** | **शाखा** | **सीटों की संख्या** | **वृत्तिका प्रति महीने** |
|---|---|---|---|
| 1 | सिविल इंजीनियरिंग | 2 | ₹ **13,000/-** [भारत सरकार द्वारा प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) सहित] |
| 2 | इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग | 2 | |
| 3 | इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग | 2 | |
| 4 | इंस्ट्रूमेंटेशन इंजीनियरिंग | 2 | |
| 5 | मेकानिकल इंजीनियरिंग | 2 | |
| 6 | कैटरिंग/ होटल मेनेजमेंट | 2 | |
| 7 | फार्मसी | 2 | |
| 8 | नर्सिंग | 2 | |
| | **कुल** | **16** | |

**ङ. <u>स्नातक</u>**

| **क्र.सं.** | **शाखा** | **सीटों की संख्या** | **वृत्तिका प्रति महीने** |
|---|---|---|---|
| 1 | लिपिक | 11 | ₹ **13,000/-** [भारत सरकार द्वारा प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) सहित] |
| | **कुल** | **11** | |

कर्मयोगो विशिष्यते

**च. स्नातकोत्तर**

| क्र.सं. | शाखा | सीटों की संख्या | वृत्तिका प्रति महीने |
|---|---|---|---|
| 1 | इंटर्न हिंदी | 1 | **₹ 13,000/-** [भारत सरकार द्वारा प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) सहित] |
| | **कुल** | **1** | |

## II. पात्रता मानदंड:

| मानदंड | शिक्षा |
|---|---|
| I(क) | क. दसवीं कक्षा उत्तीर्ण।<br>ख. आईटीआई (राष्ट्रीय ट्रेड प्रमाणपत्र - एनटीसी) उत्तीर्ण। |
| I (ख) | क. दसवीं कक्षा उत्तीर्ण। |
| I (ग) | क. बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण/ आईटीआई (राष्ट्रीय ट्रेड प्रमाणपत्र - एनटीसी) उत्तीर्ण। |
| I (घ) | क. राज्य सरकार द्वारा स्थापित राज्य परिषद या तकनीकी शिक्षा बोर्ड द्वारा संबंधित विषय में प्रदान किया गया इंजीनियरिंग या प्रौद्योगिकी का डिप्लोमा।<br>ख. विश्वविद्यालय द्वारा संबंधित विषय में प्रदान किया गया इंजीनियरिंग या प्रौद्योगिकी का डिप्लोमा।<br>ग. राज्य सरकार या केंद्र सरकार द्वारा उपरोक्त के समकक्ष मान्यता प्राप्त संस्थान द्वारा प्रदान किया गया इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी का डिप्लोमा। |
| I (ङ) | क. स्नातक (कला प्रदर्शन/बी.टेक के अलावा) - बीए/बीएससी/बीकॉम/बीबीए/बीसीए आदि। |
| I (च) | क. एमए हिंदी/एमए हिंदी (अनुवाद सहित)। |
| आयु | 18-25 वर्ष |

## III. अपात्रता मानदंड

(i) आईआईटी, आईआईएम, राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, आईआईएशईआर, एनआईडी, आईआईआईटी और आईआईएससी से स्नातक/स्नातकोत्तर।

(ii) सीए, सीएमए, सीएस, एमबीबीएस, बीडीएस, एमडी, एमएस, एमबीए, या समकक्ष योग्यता रखने वाले और एम.फिल और पीएचडी।

(iii) केंद्र सरकार या राज्य सरकार की योजनाओं के तहत किसी कौशल, शिक्षुता, इंटर्नशिप या प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने वाले।

(iv) राष्ट्रीय शिक्षुता प्रशिक्षण योजना या राष्ट्रीय शिक्षुता प्रोत्साहन योजना के तहत किसी भी समय शिक्षुता या प्रशिक्षण पूरा करने वाले।

(v) यदि आवेदन जमा करने की तिथि तक पिछले वित्तीय वर्ष में उम्मीदवार के परिवार के किसी सदस्य की आय 12 लाख रुपये से अधिक हो।

(vi) यदि परिवार का कोई सदस्य स्थायी/नियमित सरकारी कर्मचारी हो।

IV. **प्रशिक्षण की अवधि:** प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के अनुसार इंटर्नशिप की अवधि नौ (9) महीने की होगी।

V. **पंजीकरण और आवेदन की प्रस्तुति:**

(i) उपर्युक्त पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले इच्छुक उम्मीदवार https://pminternship.mca.gov.in (पीएमआईएस पोर्टल) के माध्यम से आवेदन जमा करें।

(ii) उपर्युक्त पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले इच्छुक उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन भरने से पहले पीएमआईएस पोर्टल (**https://pminternship.mca.gov.in > Manuals > Candidate User Manual)** पर प्रकाशित उपयोगकर्ता मैनुअल को ध्यानपूर्वक पढ़ना चाहिए।

VI. **चयन की प्रक्रिया:**

**क.** उम्मीदवारों का चयन संबंधित ट्रेडों के लिए निर्धारित योग्यता में प्राप्त अंकों के प्रतिशत के आधार पर किया जाएगा। यदि एक से अधिक उम्मीदवारों को निर्धारित योग्यता में समान प्रतिशत अंक प्राप्त होते हैं, तो सापेक्ष योग्यता का निर्धारण आयु में वरिष्ठता के आधार पर किया जाएगा।

**ख.** चयनित उम्मीदवारों को पीएमआईएस पोर्टल के माध्यम से इंटर्नशिप प्रशिक्षण का प्रस्ताव जारी किया जाएगा और उन्हें प्रस्ताव पत्र में उल्लिखित तिथि के अनुसार निम्नलिखित प्रमाणपत्रों के सत्यापन के लिए उपस्थित होना होगा :-

क. आयु, योग्यता, जाति, विकलांगता (यदि कोई हो) आदि के प्रमाण के रूप में मूल प्रमाण पत्र।

ख. ऊपर 'क' में उल्लिखित सभी प्रमाण पत्रों की स्वयं सत्यापित प्रतियां।

**ग.** पात्रता आवश्यकताओं का पता लगाने के लिए प्रमाण पत्र सत्यापन सफलतापूर्वक पूरा होने पर, चिकित्सा फिटनेस के अधीन, उम्मीदवारों को अस्थायी रूप से इंटर्नशिप प्रशिक्षण के लिए शामिल किया जाएगा।

VII. **यात्रा भत्ता:** प्रमाण पत्र सत्यापन/शिक्षुता प्रशिक्षण अवधि के दौरान यात्रा व्यय स्वीकार्य नहीं है।

VIII. **आवास और भोजन :** इंटर्नशिप अवधि के दौरान सीएसएल द्वारा भोजन या आवास की व्यवस्था नहीं की जाएगी।

IX. **आवेदन शुल्क:** शून्य

X. **सामान्य**

(i) **आवेदकों को https://pminternship.mca.gov.in पर योजना के विवरण की जांच करके यह सुनिश्चित करना होगा कि वे पात्रता आवश्यकताओं को पूरा करते हैं।**

(ii) कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (सीएसएल) अपने ऑनलाइन आवेदन में उल्लिखित शैक्षिक योग्यता/अनुभव/अन्य अधिसूचित पात्रता आवश्यकताओं के समर्थन में आवेदकों से अतिरिक्त दस्तावेजी साक्ष्य मांगने का अधिकार सुरक्षित रखता है। ऐसे प्रश्नों के उत्तर/जानकारी केवल **apprenticeship@cochinshipyard.in** पर ईमेल के माध्यम से ही भेजी जानी चाहिए। हालांकि, निर्धारित तिथि और समय के भीतर ईमेल प्राप्त न होने या देरी होने पर कोचीन शिपयार्ड जिम्मेदार नहीं होगा। निर्धारित तिथि और समय के बाद प्राप्त ऐसे किसी भी प्रश्न के उत्तर पर विचार नहीं किया जाएगा और इस संबंध में आगे कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा।

(iii) पीएमआईएस पोर्टल की कार्यप्रणाली से संबंधित किसी भी प्रश्न के लिए, उम्मीदवारों को **https://pminternship.mca.gov.in > Support** के माध्यम से संपर्क करने की सलाह दी जाती है।

(iv) लघुसूचीगत उम्मीदवारों के मूल प्रमाण पत्रों का सत्यापन कार्यभार ग्रहण करते समय या सीएसएल द्वारा निर्धारित किसी अन्य चरण में किया जाएगा। उम्मीदवारी पूरी तरह से अस्थायी है और आयु, योग्यता, जाति, विकलांगता, चिकित्सा योग्यता आदि के प्रमाण पत्रों के सत्यापन और अधिसूचित पात्रता आवश्यकताओं को पूरा करने पर निर्भर है। प्रमाणपत्र सत्यापन/कार्यभार ग्रहण के समय, यदि चयनित उम्मीदवार पात्रता आवश्यकताओं को पूरा नहीं करते हैं या मूल प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने में विफल रहते हैं, या यदि किसी भी स्तर पर यह पाया जाता है कि उम्मीदवार द्वारा दी गई कोई भी जानकारी झूठी/गलत है या तथ्यों और सूचनाओं को छुपाया गया है, तो उम्मीदवार को चयन के लिए विचार नहीं किया जाएगा और उम्मीदवारी/नियुक्ति बिना किसी पूर्व सूचना के रद्द/अस्वीकार कर दी जाएगी।

(v) लघुसूचीगत उम्मीदवारों को इंटर्नशिप प्रशिक्षण का प्रस्ताव डाक द्वारा नहीं भेजा जाएगा। उन्हें पीएमआईएस पोर्टल के माध्यम से सूचित किया जाएगा। उम्मीदवारों को चयन संबंधी अद्यतन के लिए पीएमआईएस पोर्टल को नियमित रूप से देखना चाहिए।

(vi) पीएमआईएस पोर्टल पर आवेदन जमा करने मात्र से आवेदक को उम्मीदवारी स्वीकार किए जाने का कोई अधिकार प्राप्त नहीं होगा और न ही इसे पात्रता मानदंड पूरा करने की स्वीकृति माना जा सकता है, और न ही यह नियुक्ति का प्रस्ताव माना जाएगा, और न ही इससे आवेदक को सीएसएल में रोजगार के लिए किसी भी प्रकार का दावा करने का अधिकार मिलेगा।

(vii) इंटर्नशिप के दौरान या उसके पूरा होने के बाद सीएसएल किसी अन्य नियुक्ति के लिए उत्तरदायी नहीं होगा।

(viii) उम्मीदवारों का चयन चरित्र और पूर्ववृत्त के सत्यापन के अधीन होगा और यदि लागू हो तो जाति प्रमाण पत्रों के सत्यापन के अधीन होगा।

(ix) इंटर्नशिप अवधि पूरी होने पर, सीएसएल ऐसे प्रशिक्षुओं को रोजगार देने के लिए बाध्य नहीं होगा और न ही कोई प्रशिक्षु इंटर्नशिप पूरी होने के आधार पर रोजगार का दावा कर सकता है।

(x) इस अधिसूचना में दर्शाई गई सीटों की संख्या मौजूदा आवश्यकता पर आधारित है और भविष्य की आवश्यकताओं के अनुसार इसमें बदलाव हो सकता है।

(xi) उपरोक्त या किसी अन्य शर्त के बावजूद, सीएसएल अधिसूचित सीटों को न भरने का अधिकार सुरक्षित रखता है। इसके अलावा, अधिसूचित सीटों को भरना उम्मीदवारों की उपयुक्तता और प्रशिक्षण सुविधाओं की उपलब्धता पर निर्भर करेगा। आवश्यकता पड़ने पर सीएसएल भर्ती प्रक्रिया को प्रतिबंधित/परिवर्तित/रद्द/संशोधित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

(xii) **जिन आवेदकों के पास निर्धारित योग्यताओं के समकक्ष योग्यताएं हैं, उन्हें प्रमाण पत्र सत्यापन/ज्वाइनिंग के समय सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किए गए निर्दिष्ट ट्रेड/विषय में इंटर्नशिप प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए समकक्षता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा; ऐसे प्रमाण पत्र के बिना, उनकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा।**

(xiii) **उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि अंक सही ढंग से दर्ज किए गए हों। दर्ज किए गए अंकों और प्रमाण पत्र में दिए गए अंकों में अंतर होने की स्थिति में, आवेदन को तत्काल अस्वीकार कर दिया जाएगा।**

(xiv) आवेदन जमा करना आवेदक द्वारा इस अधिसूचना/पीएमआईएस विवरण के सभी नियमों और शर्तों की बिना शर्त स्वीकृति माना जाएगा।

(xv) इस विज्ञापन और/या इसके जवाब में दिए गए आवेदन और उसके बाद की चयन प्रक्रिया से उत्पन्न किसी भी दावे या विवाद के संबंध में कोई भी कानूनी कार्यवाही केवल एर्णाकुलम स्थित न्यायालयों/ट्रिब्यूनलों/फोरमों में ही शुरू की जा सकती है और ऐसे न्यायालयों/प्राधिकरणों के पास ही एकमात्र और अनन्य क्षेत्राधिकार होगा।

(xvi) इस विज्ञापन में कोई भी संशोधन, बदलाव या अतिरिक्त जानकारी केवल सीएसएल की वेबसाइट पर ही दी जाएगी।

XI. **महत्वपूर्ण तिथियां:**

**सीएसएल समय-समय पर पीएमआईएस पोर्टल के माध्यम से रिक्तियों की जानकारी प्रकाशित करेगी। उम्मीदवारों को नियमित रूप से पीएमआईएस पोर्टल पर जाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।**

**"किसी प्रकार की मतार्थना अयोग्यता मानी जाएगी।"**

**"केवल भारतवासी ही आवेदन करें।"**

**ह/-**

**महाप्रबंधक (मानव संसाधन एवं अध्ययन विकास )**